**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2558**

**17 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए**

**विशाखापट्टनम में परियोजना**

**2558. श्री वाई. एस. चौधरी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में कोक ओवन बैटरी-5 परियोजना का निर्माण कार्य अभी पूरा होना शेष है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या-क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), विशाखापट्टनम के कोक ओवन बैटरी-5 के निर्माण कार्य में चरण 'क' में कोक ओवन बैटरी के निर्माण तथा चरण 'ख' में कोयला रसायन संयंत्र (सीसीपी) के निर्माण के दो चरण शामिल हैं। परियोजना का चरण 'ख' विभिन्न बोलीकर्ताओं द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों के कारण आदेश प्रस्तुत करने में हुए विलंब और निष्पादन एजेंसियों द्वारा संसाधनों को एकत्र करने में हुए विलंब के कारण प्रभावित हुआ है। परियोजना का चरण 'क' 22.12.2020 से प्रारंभ हो चुका है।

****